भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 817

04 फरवरी, 2026 के लिए प्रश्न

पोषण-संवर्धित चावल के मिश्रण में तकनीकी चुनौतियाँ

817. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील:
डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:
सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पोषण-संवर्धित चावल बीज (एफआरके) को नियमित चावल के साथ अनुशंसित 1:100 के अनुपात में एकसमान रूप से मिलाने के लिए बनाई गई प्रयोगशालाओं को किसी तकनीकी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उन मापनीय गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों का ब्यौरा क्या है जिनसे यह सुनिश्चित किया जाता है कि पोषण-संवर्धित चावल का प्रत्येक बैच आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी12 आदि जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की विशिष्टताओं को पूरा करता है;

(ग) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि पोषण-संवर्धित चावल कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र एक प्रमुख लाभार्थी राज्य होने के बावजूद, पोषण-संवर्धित चावल के परीक्षण के लिए अनुमोदित कुल प्रयोगशालाओं में से लगभग केवल 10 प्रतिशत ही वर्तमान में राज्य में कार्यशील हैं;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ड.) वर्ष 2025 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र में पोषण-संवर्धित चावल (एफआर) में फोर्टिफिकेंट (पोषण वर्धक तत्वों) की जांच के लिए अनुमोदित और वर्तमान में कार्यशील कुल परीक्षण प्रयोगशालाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): मिलिंग के दौरान पोषण-संवर्धित चावल बीज (एफआरके) को नियमित चावल के साथ 1:100 के अनुपात में मिलाने में कोई तकनीकी समस्या नहीं पाई गई है।

(ख): पोषण-संवर्धित चावल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पोषण-संवर्धित चावल (एफआर), पोषण-संवर्धित चावल बीज (एफआरके) और एफआरके के लिए विटामिन-खनिज प्रीमिक्स के मानक अधिसूचित किए हैं।
- एफएसएसएआई ने एफआर, एफआरके और प्रीमिक्स में पोषण- संवर्धकों (आयरन, फोलिक एसिड और बी12) के परीक्षण के लिए मानकीकृत विधियां विकसित की हैं ताकि पूरे देश में एक समान परीक्षण परिणाम प्राप्त किए जा सकें।
- एफएसएसएआई ने प्रतिनिधि प्रतिदर्श की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एफआर, एफआरके और एफआरके के लिए प्रीमिक्स के प्रतिदर्श लेने संबंधी दिशानिर्देश प्रकाशित किए हैं।
- एफएसएसएआई के सूचीबद्ध राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में पारंपरिक चावल के साथ मिलाने से पहले पोषण-संवर्धित चावल बीजों (एफआरके) के प्रत्येक बैच का परीक्षण किया जाता है।

(ग) से **(ङ.):** दिसंबर 2025 तक, एफएसएसएआई ने पोषण-संवर्धित चावल (एफआर) में सूक्ष्म पोषक तत्वों (आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12) के परीक्षण के लिए 56 प्रयोगशालाओं, पोषण-संवर्धित चावल बीजों (एफआरके) के लिए 31 प्रयोगशालाओं और एफआरके के लिए विटामिन-खनिज प्रीमिक्स के परीक्षण के लिए 17 प्रयोगशालाओं को देश भर में मंजूरी दी है, जिनमें महाराष्ट्र राज्य में एफआर की 8 प्रयोगशालाएं, एफआरके की 4 प्रयोगशालाएं और प्रीमिक्स की 3 प्रयोगशालाएं शामिल हैं।

*****